राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ. 7(38) परीक्षा 'ख'/ कले–तराले /2012–13/ 43 दिनांक : 25.04.2018

प्रेस–विज्ञप्ति

माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.12.2017 की पालना में कनिष्ठ लेखाकार के 133 पदों तथा पात्रता जाँच में अपात्र हुए आवेदकों के पदों के विरूद्व कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा, 2013 का परिणाम रिशफल किया जाना है, जिसमें माननीय सम्पूर्ण आयोग के निर्णय दिनांक 05.04.2018 के क्रम में भरतपुर/धौलपुर के जाट समुदाय के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किया जाना है। अतः उक्त पदों की परीक्षा में सम्मिलित हुए भरतपुर/धौलपुर के जाट समुदाय के अभ्यर्थी जो उक्त रिशफल परिणाम हेतु वर्ग परिवर्तन (सामान्य से अन्य पिछड़ा वर्ग) कराना चाहते है, वे अपना अभ्यावेदन मय नवीनतम अपिजा प्रमाण पत्र दिनांक 07.05.2018 को सायं 06.00 तक प्रस्तुत करे। उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदनों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(दीप्ति शर्मा)
उप सचिव (प्रशासन)